https://cm.jharkhand.gov.in/

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 25/03/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 149/2026
25 मार्च 2026
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में तपोवन मंदिर, निवारनपुर के महंत श्री ओम प्रकाश शरण के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में मंदिर समिति के सदस्य श्री प्रणय कुमार वर्मा, श्री अयोध्या दास एवं श्री आशुतोष दास शामिल थे।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को आगामी 27 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले "रामनवमी महोत्सव" के अवसर पर सपरिवार आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए सभी को रामनवमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से इस पर्व को सद्भाव, भाईचारा और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।
==========================
#Team PRD(CMO)